एकता

विश्वास

सत्यमेव जयते

संघर्ष

# राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उ0प्र0

सहयोग सदन, 6-गोखले मार्ग, लखनऊ—226 001
उ०प्र०रा०वि०प० आदेश सं० 8022-F(IR-I)90H/73 दि० 28.12.74 द्वारा मान्यता प्राप्त
सोसाइटी रजि० अधिनियम 1860 में पंजीकरण संख्या 2672 दिनांक 08.09.1981
(सम्बद्धता : आल इण्डिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स एवं उ.प्र.डि.ई.महासंघ)

मेल पता : sachivrvpjes@gmail.com मोबाइल : 9415900262, 9452735122 वेबसाइट : www.rvpjes.org

पत्रांक:- 209 / डी जी-7 /डी०जी०25

दिनांक:- 07.10.2024

सेवा में ,

अनुस्मारक-1

**मा0 अध्यक्ष**
**उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
**शक्ति भवन लखनऊ ।**

**विषय:- उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड में समूह 'ग' श्रेणी के कार्मिकों (जूनियर इंजीनियर) की भर्ती को विद्युत सेवा आयोग के माध्यम से यथावत कराये जाने के सम्बन्ध में ।**
**सन्दर्भ :- 655-अरा-09(अ)/पाकालि/2024-17-एनजीए/2024 दिनांक: 07 अगस्त, 2024**

महोदय,

कृपया आपके सुलभ संदर्भ हेतु संगठन का संदर्भित पत्रांक संलग्न है, जिससे स्पष्ट होता है कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड में समूह ख तथा समूह ग के रिक्त पदो पर भर्ती क्रमशः लोक सेवा आयोग उ०प्र० तथा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से कराए जाने की प्रक्रिया निर्धारित की जा रही है। उक्त संबंध में संगठन निम्न तथ्यों की ओर आपका सादर ध्यान आकृष्ट कराना चाहता है :

2. ऊर्जा क्षेत्र के कार्य की प्रकृति, कार्मिकों में उच्च तकनीकी योग्यता/ प्रशिक्षण की अनिवार्यता तथा कार्य की आकस्मिकता के दृष्टिगत इसे सदैव ही अन्य राजकीय विभागों से अलग रखा गया एवं तदनुसार पूर्ववर्ती राज्य विद्युत परिषद कालांतर में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन सहित अन्य ऊर्जा निगम गठित किए गए। ऊर्जा निगमों को प्रदेश सरकार के अधीन रखते हुए स्वायत्तशासी बनाया गया, जिसका अतिशय लाभ ऊर्जा क्षेत्र एवम् प्रदेश के करोड़ों विद्युत उपभोक्ताओं को मिला।

3. ऊर्जा क्षेत्र में कार्मिकों द्वारा सुपर क्रिटिकल मशीनों, अति उच्च विभव (Extra High Voltage) पर कार्य करने के लिए आवाश्यक उच्च तकनीकी योग्यता, विशेष प्रशिक्षण एवं त्वरित भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराए जाने के लिए विद्युत सेवा आयोग का गठन किया गया था जिससे कार्य की प्रकृति के अनुरूप कार्मिकों का चयन न्यूनतम समय में किया जा सके।

4. सूच्य है कि विद्युत सेवा आयोग द्वारा पिछले 5 -6 दशकों में ऊर्जा क्षेत्र की प्रकृति के अनुरूप विभिन्न संवर्गों के कार्मिकों का चयन / भर्ती प्रक्रिया को विवाद रहित तरीके से एवम् त्वरित गति से संपन्न कराई गई। कई भर्ती प्रक्रिया में कार्मिकों के विज्ञापन से लेकर उनकी नियुक्ति किए जाने तक में 6 माह से भी कम का समय लगा जो सेवा आयोग की दक्षता, कार्य कुशलता का

ज्वलंत प्रमाण है। यह भी संज्ञान में लाना समीचीन होगा **कि विद्युत सेवा आयोग के पास आफ (OFF LINE) लाइन और ऑनलाइन( ON LINE) दोनों माध्यम से ऑफ परीक्षा आयोजित किये जाने का लम्बा अनुभव है |**

5. विदित है कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में भर्ती की प्रक्रिया अत्यधिक समयग्राही (Time Taking) है। विगत समय में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कराई गई जूनियर इंजीनियर की भर्ती प्रक्रिया पांच वर्ष से अधिक के समय में पूर्ण हो सकी। ऐसी स्थिति ऊर्जा क्षेत्र की आवश्यकता के सर्वथा विपरीत है और किसी भी दशा में भर्ती प्रक्रिया लम्बी होने पर इसका दुष्प्रभाव ऊर्जा जैसे संवेदनशील एवम् आवश्यक सेवा के विभाग पर पड़ना स्वाभाविक है।

अतः आपसे अनुरोध है कि ऊर्जा क्षेत्र में कार्य की आवश्यकता, आकस्मिकता, कार्मिकों के उच्च तकनीकी योग्यता एवं विशेष प्रशिक्षण की अनिवार्यता तथा विद्युत सेवा आयोग द्वारा सुचितापूर्वक / त्वरित गति से भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराने के सेवा इतिहास (रिकॉर्ड ) के दृष्टिगत, कॉरपोरेशन हित में समूह ग के कार्मिको (जूनियर इंजीनियर ) की भर्ती प्रक्रिया को विद्युत सेवा आयोग के द्वारा यथावत तरीके से संपन्न कराए जाने की कृपा करें, जिससे प्रदेश की लोकप्रिय सरकार की मंशा के अनुरूप ऊर्जा जैसे आवाश्यक सेवा (Essential Services) का विभाग बिना किसी व्यवधान के दक्षतापूर्ण कार्य करते हुए प्रदेश के विकास में अधिक मजबूती से सहायक बना रहे।

आदर सहित

भवदीय,

(जी वी पटेल)
केंद्रीय अध्यक्ष

प्रतिलिपि :-

(1) माननीय ऊर्जा मंत्री जी, उ०प्र० सरकार लखनऊ।

(2) माननीय ऊर्जा राज्य मंत्री जी,उ०प्र०सरकार लखनऊ।

(4) मा० अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा), उ०प्र० शासन बापू भवन लखनऊ।

(5) प्रबंध निर्देशक ,उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०, शक्ति भवन, लखनऊ।

(6) कट फाइल / कार्यालय फाइल।

(जी वी पटेल)
केंद्रीय अध्यक्ष

कर्ता विश्वास संघर्ष
सत्यमेव जयते

# राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उ0प्र0

सहयोग सदन, 6-गोखले मार्ग, लखनऊ—226 001
उ०प्र०रा०वि०प० आदेश सं० 8022-F(IR-I)90H/73 दि० 28.12.74 द्वारा मान्यता प्राप्त
सोसाइटी रजि० अधिनियम 1860 में पंजीकरण संख्या 2672 दिनांक 08.09.1981
(सम्बद्धता : आल इण्डिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स एवं उ.प्र.डि.इं.महासंघ)
मेल पता : sachivrvpjes@gmail.com मोबाइल : 9415900262, 9452735122 वेबसाइट : www.rvpjes.org

पत्रांक:- 169/ डी जी-7 /डी०जी०25 दिनांक:- 08.08.2024

सेवा में ,

**मा0 अध्यक्ष**
**उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
**शक्ति भवन लखनऊ ।**

**विषय:- उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड में समूह 'ख' तथा समूह 'ग' श्रेणी के कार्मिकों की भर्ती को विद्युत सेवा आयोग के माध्यम से यथावत कराये जाने के सम्बन्ध में ।**

**सन्दर्भ :- 655-अरा-09(अ)/पाकालि/2024-17-एनजीए/2024 दिनांक: 07 अगस्त, 2024**

महोदय,

कृपया आपके सुलभ संदर्भ हेतु संगठन का संदर्भित पत्रांक संलग्न है, जिससे स्पष्ट होता है कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड में समूह ख तथा समूह ग के रिक्त पदो पर भर्ती क्रमशः लोक सेवा आयोग उ०प्र० तथा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से कराए जाने की प्रक्रिया निर्धारित की जा रही है। उक्त संबंध में संगठन निम्न तथ्यों की ओर आपका सादर ध्यान आकृष्ट कराना चाहता है :

1. ऊर्जा क्षेत्र के कार्य की प्रकृति, कार्मिकों में उच्च तकनीकी योग्यता/ प्रशिक्षण की अनिवार्यता तथा कार्य की आकस्मिकता के दृष्टिगत इसे सदैव ही अन्य राजकीय विभागों से अलग रखा गया एवं तदनुसार पूर्ववर्ती राज्य विद्युत परिषद कालांतर में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन सहित अन्य ऊर्जा निगम गठित किए गए। ऊर्जा निगमों को प्रदेश सरकार के अधीन रखते हुए स्वायत्तशासी बनाया गया, जिसका अतिशय लाभ ऊर्जा क्षेत्र एवम् प्रदेश के करोड़ों विद्युत उपभोक्ताओं को मिला।
2. ऊर्जा क्षेत्र में कार्मिकों द्वारा सुपर क्रिटिकल मशीनों, अति उच्च विभव (Extra High Voltage) पर कार्य करने के लिए आवाश्यक उच्च तकनीकी योग्यता, विशेष प्रशिक्षण एवं त्वरित भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराए जाने के लिए विद्युत सेवा आयोग का गठन किया गया था जिससे कार्य की प्रकृति के अनुरूप कार्मिकों का चयन त्वरित गति से किया जा सके।
3. सूच्य है कि विद्युत सेवा आयोग द्वारा पिछले 5 -6 दशकों में ऊर्जा क्षेत्र की प्रकृति के अनुरूप विभिन्न संवर्गों के कार्मिकों का चयन / भर्ती प्रक्रिया को विवाद रहित तरीके से एवम् त्वरित गति से संपन्न कराई गई। कई भर्ती प्रक्रिया में कार्मिकों के विज्ञापन से लेकर उनकी नियुक्ति किए जाने तक में 6 माह से भी कम का समय लगा जो सेवा आयोग की दक्षता, कार्य कुशलता का ज्वलंत प्रमाण है ।
4. विदित है कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में भर्ती की प्रक्रिया अत्यधिक समयग्राही (Time Taking) है। विगत समय में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कराई गई जूनियर इंजीनियर की भर्ती प्रक्रिया पांच वर्ष से अधिक के समय में पूर्ण हो सकी । ऐसी स्थिति ऊर्जा क्षेत्र की आवश्यकता के सर्वथा विपरीत है और किसी भी दशा में भर्ती प्रक्रिया लम्बी होने पर इसका दुष्प्रभाव ऊर्जा जैसे संवेदनशील एवम् आवश्यक सेवा के विभाग पर पड़ना स्वाभाविक है।

अतः आपसे अनुरोध है कि ऊर्जा क्षेत्र में कार्य की आवश्यकता, आकस्मिकता, कार्मिकों के उच्च तकनीकी योग्यता एवं विशेष प्रशिक्षण की अनिवार्यता तथा विद्युत सेवा आयोग द्वारा सुचितापूर्वक / त्वरित गति से भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराने के सेवा इतिहास (रिकॉर्ड ) के दृष्टिगत, कॉरपोरेशन हित में समूह ख एवं समूह ग के सेवकों की भर्ती प्रक्रिया को क्रमशः उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग तथा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की बजाय विद्युत सेवा आयोग के द्वारा यथावत तरीके से संपन्न कराए जाने की कृपा करें, जिससे प्रदेश की लोकप्रिय सरकार की मंशा के अनुरूप ऊर्जा जैसे आवश्यक सेवा (Essential Services) का विभाग बिना किसी व्यवधान के दक्षतापूर्ण कार्य करते हुए प्रदेश के विकास में अधिक मजबूती से सहायक बना रहे।

आदर सहित

भवदीय,

(जी वी पटेल)
केंद्रीय अध्यक्ष

पत्रांक:- 169/डी जी-7 /डी०जी०25 तददिनांक:- 08.08.2024

प्रतिलिपि :-

(1) मा० ऊर्जा मंत्री जी, उ०प्र० सरकार लखनऊ।

(2) मा० ऊर्जा राज्य मंत्री जी,उ०प्र०सरकार लखनऊ।

(3) मा० अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा), उ०प्र० शासन बापू भवन लखनऊ।

(4) मा० प्रबन्ध निदेशक,उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०, शक्ति भवन, लखनऊ।

(5) मा० प्रबन्ध निदेशक,उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि०/उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि०, शक्ति भवन, लखनऊ।

(6) कट फाइल / कार्यालय फाइल।

Patel

(जी० वी० पटेल)

केन्द्रीय अध्यक्ष

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
U.P. Power Corporation Limited
(Govt of Uttar Pradesh Undertaking)
14—अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ।
CIN:U32201UP1999SGC024928

संख्याः—655—अरा—09(अ)/पाकालि/2024—17—एनजीए/2024 दिनांक: 07 अगस्त, 2024

## कार्यालय ज्ञाप

उ0प्र0 शासन द्वारा समूह 'ख' एवं 'ग' के रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही शीघ्रता से सुनिश्चित किये जाने हेतु सीधी भर्ती की रिक्तियों का अधियाचन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को ऑनलाइन प्रेषित किये जाने हेतु ई—अधियाचन पोर्टल विकसित किया गया है। उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 एवं उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 के अन्तर्गत ई—अधियाचन पोर्टल हेतु श्री अनिल कुमार निगम, संयुक्त सचिव (अराजपत्रित), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ (मो0नं0—9454469015, ई—मेल आई0डी0—js.ng@uppcl.org) को एतद्द्वारा नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0)

संख्या—655—(i)—अरा—09 (अ)/पाकालि/2024, तददिनांक :—

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
5. अपर सचिव (प्रथम/द्वितीय/तृतीय), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
6. मुख्य अभियन्ता (ज़ल विद्युत), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. अध्यक्ष/सचिव, विद्युत सेवा आयोग, उ0प्र0 पाकालि, एस0एल0डी0सी0 परिसर, गोमतीनगर, लखनऊ
8. अधिशासी अभियन्ता (वेब), कक्ष सं0—407, शक्ति भवन, लखनऊ को कारपोरेशन की वेबसाइट www.uppcl.org पर लोड करने हेतु।

आज्ञा से,

07.8.2024

( चन्द्र कुमार वर्मा )
अनु सचिव (अरा0 09अ)